HANDS ON

हिंदी सोपान

शिक्षक दर्शिका

(अभ्यास पुस्तिका)

5

saar
EDUCATION (I) PVT. LTD.

आपके द्वारा इस पुस्तक की ख़रीद से हम सम्मानित महसूस करते हैं और उसके लिए आपके आभारी हैं;

हमें आशा है कि यह पुस्तक आपके और आपके बच्चों के लिए मौखिक, लिखित व भावनिक अभिव्यक्ति का स्त्रोत बनेगी। हमें आपकी टिप्पणियों एंव सुझावों की प्रतिक्षा रहेगी।

इस पुस्तक में भावी संशोधनों हेतु अपने सुझाव हमें info@saarbooks.in पर भेजें व संपर्क करने में संकोच न करें।

परिकल्पना

सार एजुकेशन (I) प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई

ईमेल: info@saarbooks.in

आवरण योजना और चित्रांकन

सार एजुकेशन (I) प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई

प्रकाशन: सार एजुकेशन (I) प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई

मुद्रण: इंडिया बाइंडिंग हाउस, नोएडा (यूपी)

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक के किसी भी भाग का कॉपीराइट धारक, सार एजुकेशन (I) प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई की पूर्वलिखित अनुमति के बिना, कहीं भी, किसी भी रूप में अनुदित, इलैक्ट्रानिक तकनीक, कम्प्यूटर या फोटो प्रतिलिपी के माध्यम से पुनरुत्पादिता अथवा पुनर्मुद्रण प्रतिबंधित या वर्जित है। इन शर्तों के उल्लंघन पर बिना पूर्वसूचना के क़ानूनी कार्यवाई की जा सकती है।

विषय सूची

पाठ संख्या	पाठ का नाम	पृष्ठ संख्या
1	प्रार्थना (कविता)	4
2	नादान दोस्त	6
3	बाबा आमटे	8
4	मन की दृढ़ता	10
5	एक तिनका	12
6	खुशहाली लौट आई	14
7	भारत की जैव विविधता	16
8	एक बूँद	18
9	हींगवाला	20
10	घड़े की आत्मकथा	22
11	हंसी के क्षण	24
12	यह कदंब का पेड़	26
13	बात अठन्नी की	28
14	नियति के साथ भेंट	31
15	सुभागी	34
16	पढ़क्कू की सूझ	39

1. प्रार्थना

अभ्यास-प्रपत्र

1. कविता के इन पक्तिंयों की व्याख्या कीजिए -

अपने साहस को भी मैं कंधों पर लादे,

चलता जाँऊ जब तक तू यह तन पिघला दे,

.....

.....

.....

.....

2. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो -

अमर .....

मृत्यु वरण .....

..... तेरे हों,

..... मेरे हों।

3. विलोम शब्द लिखो -

(क) दुर्गम - ..... (ख) दृश्य - .....

(ग) अमर - ..... (घ) साहस - .....

(ङ) असफलता - ..... (च) मृत्यु - .....

4. इन्हें क्या कहते है?

(क) जो भक्ति करें - .....

(ख) जो पढ़ाए - .....

(ग) जो मज़दूरी करे - .....

(घ) जो सोने का हार बनाए - .....

(ङ) जो लकड़ी का काम करे – .....

(च) जो कविता लिखे – .....

5. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाईये।

दुर्गम – .....

कठिन – .....

कठोर – .....

सहासी – .....

असफलता – .....

सीमा – .....

6. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाओ –

(क) कवि किससे प्रार्थना कर रहे है?

(i) माता-पिता (ii) शिक्षक (iii) ईश्वर

(ख) दुगर्म पथ तेरे हों, थके ..... मेरे हो।

(i) हाथ (ii) चरण (iii) नयन

(ग) अपने साहस को भी मैं ..... पर लादे,

(i) सिर (ii) कधों (iii) कमर

7. आप प्रार्थना में ईश्वर से क्या माँगेंगे, अपने शब्दों में लिखिए –

.....

.....

.....

.....

.....

.....

2. नादान दोस्त

अभ्यास-प्रपत्र

1. पांच पक्षियों के नाम बताइए जो पानी और उसके आस-पास रहना पसंद करते है।

....

....

2. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर लिखें।

पशु पक्षी हमारे मित्र हैं हर किसी का उनके साथ मित्रता पूर्ण व्यवहार होना चाहिए। हमारी इस दुनिया में जब से इंसान का वास हुआ हैं तब से पशु हम इंसानों के मित्र रहें हैं। कुत्ता, बिल्ली, चिड़िया, कोयल, तोता, इन सभी पक्षियों से इंसान का बेहद करीबी रिश्ता रहा है। पशु-पक्षी बहुत ही आकर्षक भी लगते हैं। अक्सर पशु पक्षियों को घरों में पाला जाता हैं। हम पशु-पक्षियों की मदद करते हैं बदले में पशु-पक्षी हमारी मदद करते हैं। कुत्ता हमारा सच्चा साथी हैं। बिल्ली चूहों को भगाकर हमारे घरों को साफ़ रखती है। और चिड़िया घर के आस-पास के कीड़े-मकौड़ों को खाकर हमें बचाती है। अपनी मीठी आवाज़ से हमें उठाती है। देखे तो पशु-पक्षी हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमें इनको लुप्त होने से बचाना चाहिए, इससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित और संपन्न रहेगा।

1. कौन हमारा सच्चा मित्र हैं?

   .....

2. पशु-पक्षी हमारी कैसे मदद करते हैं?

   .....

3. हम किस प्रकार से पशु-पक्षियों के अच्छे मित्र बन सकते हैं?

   .....

2. दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सूरज-सा चमकूँ मैं
चंदा-सा दमकूँ मैं
झिलमिल-झिलमिल उज्ज्वल
तारों सा चमकूँ मैं

विहगों-सा चहकूँ मैं
गुंजित कर वन-उपवन
कोयल-सा कुहकूँ मैं
मेरी अभिलाषा है।

1. अभिलाषा और प्रार्थना में क्या अंतर है?

.....

2. कवि किसके समान चमकने की अभिलाषा करता है?

.....

3. वन-उपवन को कौन अपनी आवाज़ों से भर देता है?

.....

4. कवि कौन से पक्षी के समान बनना चाहता है?

.....

3. अपना पर्यावरण को अच्छा बनाने के बारे में पाँच उपाय बताइए।

.....

.....

.....

.....

.....

4. नीचे दिए गए शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

फ़ुरसत – .....

अन्दाज़ा – .....

फ़ैंसला – .....

तसल्ली – .....

हिफ़ाज़त – .....

इंतज़ार – .....

5. शब्दार्थ -

किवाड़ – .....

संयोग – .....

पेचीदा – .....

कसूर – .....

सूराख – .....

अधीर – .....

3. बाबा आमटे

अभ्यास-प्रपत्र

1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

परोपकार दो शब्दों से मिलकर बना होता है - पर + उपकार। परोपकार का अर्थ होता हैं दूसरों का अच्छा करना। परोपकार का अर्थ होता है दूसरों की सहायता करना। ईश्वर ने प्रकृति की रचना इस तरह से की है कि आज तक परोपकार उसके मूल में ही काम कर रहा है। परोपकार प्रकृति के कण-कण मे समाया हुआ है। जिस तरह से पेड़ कभी अपना फल नहीं खाता है, नदी अपना पानी नहीं पीती है, सूर्य हमें रोशनी देकर चला जाता है। इसी तरह से हमें भी उदार और परोपकारी बनकर निर्बल और निर्धन की सहायता करनी चाहिए।

(क) 'परोपकार' का क्या अर्थ है?

.....

(ख) ईश्वर कैसे हमारे प्रति उदार और परोपकारी है?

.....

(ग) हमें किन लोगों की सहायता करनी चाहिए?

.....

(घ) इस गद्यांश से हमें क्या बनने की प्रेरणा मिलती है?

.....

2. आप कैसे देश और समाज की सेवा करना चाहेंगे?

.....

.....

.....

.....

3. विभूषण में 'वि' उपसर्ग है। नीचे दिए गए शब्दों में से उपसर्ग और शब्द अलग-अलग लिखो –

(क)	गैरहाज़िर	.....	.....
(ख)	अप्राकृतिक	.....	.....
(ग)	नाबालिग	.....	.....
(घ)	गैरकानूनी	.....	.....

4. शब्दों के तुकांत शब्द लिखो –

(क)	सरल	.....	(ख)	जल्दी	.....
(ग)	धक्का	.....	(घ)	लगन	.....

5. अनेक शब्द के लिए एक शब्द लिखो –

(क)	जो दूसरों पर उपकार करे।	.....
(ख)	जो दूसरों को दिल खोलकर दे।	.....
(ग)	जो सत्य बोले।	.....
(घ)	जो अथक परिश्रम करे।	.....

4. मन की दृढ़ता

अभ्यास-प्रपत्र

1. प्रकृति के उदारता को हमने देखा है। लेकिन जब वह अपना विकराल रूप ले लेती है, तो हमें किन चीज़ों का सामना करना पड़ता है? बताइए -

.....

.....

.....

.....

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

मनुष्य जीवन को सफल और उन्नत बनाने वाले अनेकों गुण होते है, जैसे - सच्चाई, न्यायप्रियता, धैर्य, दृढ़ता, साहस, दया, क्षमा, परोपकार आदि। इनमें से कुछ गुण ऐसे होते हैं, जिनसे वह व्यक्ति स्वयं ही लाभ उठाता है और कुछ ऐसे भी होते हैं जिनके द्वारा अन्य लोगों का उपकार भी होता है और अपनी भी आत्मोन्नति होती है। उदारता एक ऐसा ही महान गुण है।

मनुष्य के व्यक्तित्व को आकर्षित बनाने वाली यदि कोई वस्तु है, तो वह है उदारता। उदारता प्रेम का परिष्कृत रूप है। उदार व्यक्ति का हृदय दूसरों की खुशी में खुश होता है। जब आपके कारण किसी के चेहरे पर मुस्कान आए तो उससे अधिक आनंद आपको कहाँ से मिलगा। हमेशा देना, लेने से बढ़कर है।

(क) अच्छे गुणों के नाम बताइए? जो मनुष्य को सज्जन बनाते हैं।

.....

(ख) ऐसा कौन-सा गुण है जो अपने और दूसरों के लिए लाभकारी है?

.....

(ग) कौन-सा गुण व्यक्तित्व को आकर्षक बनाता है?

.....

(घ) क्या लेना देने से बढ़कर है, या फिर देना लेने से बढ़कर?

.....

3. शब्दों को सही क्रम मे रखकर दोबारा लिखो –

(क) अकाल था गाँव पड़ा में।

.....

(ख) लज्जा झुक सिर से लोगों सभी के गए।

.....

(ग) तो भिक्षा-पात्र है मेरा पास मेरे।

.....

4. निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखो –

(क) उन्होंने दिल खोलकर भिक्षापात्र भर दिया। .....

(ख) मैं भी इन लाचार लोगों में से एक हूँ। .....

(ग) तुम में से कौन गाँववालों की मदद करेगा? .....

(घ) वह युवती शिक्षुणी बन गई। .....

5. शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाओ –

(क) अकाल – .....

(ख) लज्जा – .....

(ग) लाचार – .....

(घ) सहायता – .....

(ङ) गरीब – .....

(च) व्यापारी – .....

5. एक तिनका

अभ्यास-प्रपत्र

1. कविता के आधार पर पंक्तियाँ पूरी करो -

मैं झिझक उठा, ...

..... आँख भी दुखने लगी।

मूठ देने लोग .....

..... पाँवों भागने लगी।

2. नीचे दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -

(क) जो घमंड करे - .....

(ख) जो हठ करे - .....

(ग) जिसमें समझना हो - .....

3. नीचे लिखी कविता को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

मैंने हर रोज़ जमाने को रंग बदलते देखा है।
उम्र के साथ जिंदगी को ढंग बदलते देखा है।
वे जो चलते थे तो शेर के चलने का होता था
गुमान उनके भी पाँव के ज़रा से इशारे से टूट जाते थे
पत्थर उन्हीं हाथों को पत्तों की तरह थर-थर काँपते देखा है।
अपने आज पर इतना ना इतराना मेरे यारों
वक्त की धारा में अच्छों को मजूबर हुआ देखा है।
कर सको तो किसी को खुश करो दुख देते तो हज़ारो को देखा है।

(क) यह कविता किसके बारे में है?

.....

(ख) जो चलते थे शेर की तरह अब वे क्या करते हैं?

.....

(ग) जिनके हाथों के इशारे से पत्थर टूट जाते थे, अब क्या होता है?

.....

4. कवि अंत में क्या शिक्षा देता है?

.....

.....

5. क्या करना आसान है लेकिन हमें क्या करना चाहिए?

.....

.....

.....

.....

6. खुशहाली लौट आई

अभ्यास-प्रपत्र

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

चेन्नई में 2015 मे आई बाढ़ से कई घर-बार तबाह हो गए। भारी वर्षा के कारण चेन्नई के सागर तटीय क्षेत्र पूरी तरह से बाढ़ से ग्रस्त हो गया। चेन्नई में आई बाढ़ की असली वजह थी अडयार नदी बेसिन का नए हवाई अड्डे के लिए अतिक्रमण। नदी के कुदरती रास्ते को अवरूद्ध किए जाने से इसका जल आस-पास के इलाकों में उमड़ गया। जब तक प्रकृति अपना क्रोध नहीं दिखाती, हमारे योजनाकार हर जोखिम को नज़र अंदाज करते रहते हैं और उस चीज़ की तलाश में रहते हैं, जिसे वे ले सकते हैं। हमने इसी तरह का विध्वंसक सैलाब मुम्बई में भी देखा। कुछ ही समय पहले श्रीनगर में भी ऐसी ही बर्बादी देखी। हर जगह मुख्य कारण- अनियोजित शहरीकरण और बुनियादी नियमों की अनदेखी। फिर भी हर बार त्रासदी की गम्भीरता लोगों की यादों में धुँध ली पड़ जाती है। चेन्नई की तरह दिल्ली मे भी सैलाब की सम्भावना है। इसलिए हमें यमुना नदी के बेसिन से छेड़छाड़ करने से बचना होगा।

(क) चेन्नई की बाढ़ का कारण क्या था?

.....

(ख) गद्यांश मे 'बाढ़' के लिए एक समानार्थी का प्रयोग हुआ है, वह है -

जोखिम, सेलाब, त्रासदी, अवरूद्ध

.....

(ग) किस शब्द मे उपसर्ग और प्रत्यय दोनों हैं?

(i) आवासीय (ii) बरबादी (iii) बुद्धिमानी (iv) बचाव

.....

(घ) हमारे योजनाकार तब तक लापरवाह रहते है, जब तक

.....

(ङ) मुंबई, श्रीनगर जैसे स्थानों में बाढ़ से हुई बर्बादी के पीछे क्या कराण थे?

.....

2. क्या कभी ऐसा हो सकता है। कि सूरज बिल्कुल ही ना निकले? लिखो यदि ऐसा हो, तो क्या होगा –

.....

.....

.....

.....

3. सही उत्तर चुनकर खाली स्थानों में भरो।

(क) समझदार लोगों ने चेतावनी दी कि पेड़ मत .....

(i) काटो (ii) छांटो (iii) रखो

(ख) अब भी गाँव के बीच बरसों पुराने दो पेड़ ..... से खड़े थे।

(i) कमज़ोरी (ii) थके (iii) मज़बूती

(ग) "अब बारिश हो जाए, ... बरस जाए।"

(i) आग़ (ii) पानी (iii) गोला

(घ) सबकी ..... ने एक दिन ताकत का रूप ले लिया।

(i) उपासना (ii) कामना (iii) प्रार्थना

4. (क) किसी नदी के किनारे एक छोटा-सा (शहर / गाँव) था।

(ख) उस गाँव में छोटा-सा तालाब भी था, जहाँ (कमल / गुलाब) खिलते थे।

(ग) हमने पेड़ काटे हैं, आज यह (मुसीबत / खुशी) इसलिए आई है।

(घ) देखते ही देखते बादल सारे (आकाश / धरती) पर छा गए।

5. समानार्थी शब्द लिखो –

(क) दोस्त – .....

(ख) आवश्यकता – .....

(ग) मुसीबत – .....

(घ) सिसकना – .....

6. शुद्ध रूप लिखो –

(क) अनगनीत – ..... (ख) मूसिबत – .....

(ग) चींतीत – ..... (घ) चैतावनि – .....

7. भारत की जैव विविधता

अभ्यास-प्रपत्र

1. नीचे दिये गए जानवरों के नाम बताओ और -



नाम: .....


खाना: .....

कहां पाए जाते हैं: .....



मज़ेदार तथ्य .....

नाम: .....



हम्मिंग बर्ड .....

पफ़र मछली .....



कनखजूरा .....

2. नीचे दिए पद्यांश को पढ़िये और प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

पर्यावरण का मतलब है प्राणियों के चारों ओर का वातावरण। पर्यावरण में पानी, वायु, मनुष्य, जीव-जन्तु, वनस्पति, प्रकृति आदि आते हैं। इन सबके होने से एक संतुलन बना होता है। पर्यावरण की सुरक्षा इसी संतुलन पर निर्भर करती है। इसलिए मनुष्य ही नहीं समस्त प्राणियों के लिए पर्यावरण की सुरक्षा नितांत आवश्यक है। लेकिन मनुष्य के द्वारा फैलाए प्रदूषण से यह संतुलन बिगड़ गया है। मनुष्य ही प्रदूषण का सबसे बड़ा दोषी है। वाहनों से निकलने वाला धुआँ। समुद्र, नदी में गंदा कचरा, और प्लास्टिक का अत्याधिक प्रयोग हमारे सुंदर और संतुलित पृथ्वी को काफ़ी नुकसान पहुँचा रहा है।

(क) 'पर्यावरण' शब्द का क्या अर्थ है?

.....

(ख) पर्यावरण की सुरक्षा किस पर निर्भर है?

.....

(ग) पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने का जिम्मेदार कौन है?

(i) विषैला साँप (ii) गाय (iii) मनुष्य

.....

3. पृथ्वी प्रदूषण से बेहद परेशान है। यदि वह बोल पाती जो क्या बातें कहती? अपने शब्दों में लिखिए।

.....

.....

.....

.....

4. आपको कौन-सा जानवर पंसद है? उसके बारे में कुछ दिलचस्प बातें लिखिए।

.....

.....

.....

.....

8. एक बूँद

अभ्यास-प्रपत्र

1. नीचे दिये गद्यांश को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

थॉमस सेल्वा एडिसन का जन्म 11फरवरी 1847 में अमेरिका के ओहायो राज्य में हुआ था। थॉमस एडिसन भी सभी बच्चों की तरह पढ़ने के लिये स्कूल गए थे, लेकिन वहाँ से टीचर ने एडिसन को मंदबुद्धि कहकर स्कूल से बाहर निकाल दिया था। जिसकी वजह से मात्र 3 महीने के बाद ही एडिसन को स्कूल छोड़ना पड़ा। थॉमस एडिसन को पढ़ाई घर पर करनी पड़ी। उनकी माता उन्हें खुद से सीख पाने की शिक्षा देती थी। जिसकी वजह से एडिसन ने मात्र 10 साल की उम्र में कई महान ग्रंथों को पढ़ लिया था। सन् 1878 के बाद से एडिसन ने विद्युत बल्ब पर अपनी खोज शुरू की। एडिसन ने बिजली बल्ब के खोज के लिए लगभग 1000 से अधिक ऐक्सपेरिमेंट किए। लेकिन वह उनमें विफल हुए। फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार अपने प्रयासों में लगे रहे। और अंत में उन्होंने विद्युत बल्ब का आविष्कार कर ही लिया। 21 अक्तूबर 1879 मे उन्होंने अपने इस खोज को पूरा करके लगातार 40 घंटे से अधिक बिजली से जलने वाला बल्ब विश्व को भेंट किया।

(क) एडिसन का पूरा नाम क्या है?

.....

(ख) उन्हें घर पर क्यों अपनी पढ़ाई पूरी करनी पड़ी।

.....

(ग) उनकी माँ ने उन्हें कैसे सीखने की शिक्षा दी?

.....

(घ) उन्होंने किस चीज़ का आविष्कार किया? और उसमें सफल होने से पहले वे कितनी बार असफल हुए?

.....

(ङ) इस गद्यांश का शीर्षक दीजिए।

.....

2. क्या आपको अपने स्कूल का पहला दिन याद है? अपने उस दिन का अनुभव लिखिए?

.....

.....

.....

.....

3. आविष्कारक के नाम लिखिए –



.....



.....



.....



.....

इन आविष्कारों से हमारा जीवन सुगम और आसान हो गया है।

4. ऐसा कौन सा आविष्कार है जो आप को बेहद पंसद है। उसका कारण भी बताइए।

5. यदि हम असफलता या अनहोनी से डरेंगे तो क्या हम अपनी मंजिल पा सकेंगे? आपका क्या विचार है? कविता में उस 'बूँद' का क्या होता यदि वह डर जाती?

9. हींगवाला

अभ्यास-प्रपत्र

1. शुद्ध रूप लिखिए -

(क) बखत - ..... (ख) पियारा - .....

(ग) नहिं - ..... (घ) कछु - .....

(ङ) परसूं - .....

2. नीचे लिखी वस्तुओं को रसोई घर से लाकर यहाँ चिपकाओ -

(क) हींग - (ख) जीरा -

(ग) मेथी दाना - (घ) राई -

(ङ) अजवायन -

3. नीचे लिखे शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करो -

(क) भीड़-भाड़ - .....

(ख) मुँह-माँगा - .....

(ग) हँसी-ठिठोली - .....

(घ) हक्का-बक्का - .....

(ङ) उलट-फेर - .....

4. सब्ज़ीवाले और माँ के बीच हुए संवाद लिखिए -

सब्ज़ीवाला – .....

माँ – .....

सब्ज़ीवाला – .....

माँ – .....

सब्ज़ीवाला – .....

माँ – .....

सब्ज़ीवाला – .....

माँ – .....

3. 'मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना'- इस पंक्ति पर पाँच पंक्तियों में अपने विचार लिखिए -

.....

.....

.....

.....

.....

4. दंगों से केवल हानि होती है- अनुच्छेद लिखो।

.....

.....

.....

.....

.....

10. घड़े की आत्मकथा

अभ्यास-प्रपत्र

1. नीचे दिए गए शब्दों का वाक्य में प्रयोग करो -

(क) घड़ा - .....

(ख) मोल - .....

(ग) बेल-पत्ती - .....

(घ) गूँथना - .....

(ङ) अत्याचार - .....

2. 'पुस्तक' की आत्म कथा लिखिए -

मैं पुस्तक हूँ। -

3. नीचे दिए गए शब्दों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग करो कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ-

(क) ओर - .....

और - .....

(ख) समान - .....

सामान - .....

(ग) कहा - .....

कहाँ - .....

(घ) बेल - .....

बैल - .....

4. नीचे दी गई वस्तुओं को कुम्हार बनाता है। चित्र देखकर उनके नाम बताओ –

 – .....

 – .....

 – .....

 – .....

 – .....

 – .....

5. नीचे लिखी 'बादल की आत्म कथा' को उचित शब्द भर कर पूरा करो –

मैं ..... हूँ। आसमान में ..... लगाता हूँ। तेज ..... से नदी-सागरों का पानी ..... बन कर आसमान में ..... है, उसी से मेरा ..... होता है। जब मैं ..... बन कर धरती पर बरसता हूँ तो लोग ..... से नाच ..... हैं। नदियाँ और सरोवर ..... से भर जाते हैं। हरे-भरे ..... लहलहाते हैं। सब ओर ..... छा जाती है। पेड़- ....., पशु - ....., मनुष्य तथा सब प्राणियों की प्यास मैं ही बुझाता हूँ। मैं सब को ..... देता हूँ। जल को ही जीवन कहते हैं।

6. रेखांकित शब्दों के विलोम शब्दों से वाक्य पूरे करो –

परिश्रम से असंभव को भी ..... किया जा सकता है।

भलाई से ..... को जीता जा सकता है।

अच्छे लोग ..... काम नहीं करते।

दूसरों को दंड नहीं दो बल्कि ..... कर दो।

सब का सम्मान करो, ... नहीं।

11. हंसी के क्षण

अभ्यास-प्रपत्र

1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

लिंकन का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था। लिंकन वो इतने गरीब थे कि पढ़ाई करना भी उनके लिए संभव नहीं था, लेकिन उनकी लगन ने उनकी हिम्मत नहीं तोड़ी। पढ़ाई करने के लिए उन्हें मज़दूरी करनी पड़ी। वे दिन में मज़दूरी करते और रात में लकड़ियाँ जला कर उनकी रोशनी में पढ़ाई किया करते थे। उनकी मेहनत रंग लाई और एक दिन वे वकील बन गए। वकील बनने के बाद भी वे साधारण पोशाक पहनते और अपनी वकालत करते। अपनी मेहनत, सच्चाई और ईमानदारी की वजह से अब्राहम लिंकन एक दिन अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति बने। उन्होंने ही अमेरिका में दास प्रथा का अंत किया था।

1. लिंकन का पूरा नाम क्या था?

.....

2. लिंकन के लिए पढ़ाई करना संभव क्यों नहीं था?

.....

3. लिंकन पढ़ लिखकर कर क्या बने?

.....

4. लिंकन ने किस प्रथा का अंत किया?

.....

5. गद्यांश का शीर्षक दो-

.....

2. 'हंसी के लाभ' शीर्षक पर एक अनुच्छेद लिखिए -

.....

.....

3. निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाओ -

(क) ता .... (ख) कार ....

(ग) ई .... (घ) इत ....


4. अपने जीवन की कोई हंसी-मज़ाक की घटना लिखिए -

.....

.....

.....

5. नीचे दिए गए चित्र पहचान कर उनके नाम लिखो -

 – .....

 – .....

 – .....

 – .....

6. अपने मन-पसन्द कार्टून का चित्र बनाइए और रंग भरिए -

12. यह कदंब का पेड़

अभ्यास-प्रपत्र

1. दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

हठ कर बैठा चाँद एक दिन, माता से यह बोला,

सिलवा दो माँ, मुझे ऊन का, मोटा एक झिंगोला।

सन-सन चलती हवा रात भर, जाड़े से मरता हूँ,

ठिठुर-ठिठुर कर किसी तरह, बस यात्रा पूरी करता हूँ।

आसमान का सफ़र और यह, मौसम है जाड़े का,

न हो अगर तो ला दो कोई, कुरता ही भाड़े का।

1. चाँद ने माँ से क्या सिलवाने को कहा?

.....

2. चाँद किस मौसम में कहां का सफ़र कर रहा है?

.....

3. जाड़े के मौसम में हवा कैसे चलती है?

.....

4. इस कविता में किस मौसम का वर्णन है? आप इस मौसम में क्या-क्या करते हैं?

.....

.....

2. घर से बाहर खेले जाने वाले खेलों के नाम लिखिए -

....

....

3. एक बच्चे के जीवन में 'माँ' का क्या महत्व होता है? पाँच पंक्तियों में लिखिए।

.....

.....

.....

.....

.....

4. जब आप बहुत देर तक घर नहीं आते, तो आप की माता जी क्या सोचती होंगी?

.....

.....

.....

5. नीचे दिए गए क्रिया विशेषण शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए -

(क) धीरे-धीरे - .....

(ख) चुपके से - .....

(ग) हँसकर - .....

(घ) ध्यान में - .....

(ङ) चकित - .....

6. नीचे लिखे शब्दों में से विशेषण और विशेष्य शब्द पर गोला बनाइए -

(क) सुन्दर फूल देखो

(ख) छोटा बच्चा सबको प्रिय है।

(ग) चार घोड़े दौड़ रहे हैं।

(घ) ऊँचा मकान मेरा है।

7. नीचे दिए गए तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए -

(क) आम्र - .....

(ख) मयूर - .....

(ग) सप्त - .....

(घ) सूर्य - .....

(ङ) पत्र - .....

13. बात अठन्नी की

अभ्यास-प्रपत्र

1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

सच्चा मित्र एक शिक्षक के समान होता है। जिस प्रकार शिक्षक अपने छात्रों को बुराई से हटा कर सन्मार्ग की ओर ले जाता है, उसी प्रकार सच्चा मित्र भी अपने मित्र को बुराई से हटा कर सन्मार्ग की ओर ले जाता है। जिसे सच्चा मित्र मिल गया, उसे मानो खजाना मिल गया। कभी-कभी जीवन में ऐसे अवसर भी आते हैं, जब मनुष्य निराश हो जाता है। ऐसे में सच्चा मित्र आशा की किरण जगाता है। जिसे जीवन में सच्चा मित्र मिल जाता है, वह सौभाग्यशाली होता है।

1. सच्चा मित्र किसके समान होता है?

   .....

2. सच्चा मित्र क्या करता है?

   .....

3. जीवन में किन-किन अवसरों पर सच्चा मित्र हमारी सहायता करता है?

   .....

4. 'सौभाग्यशाली' कौन होता है?

   .....

5. 'सच्चा मित्र' शब्द में से विशेषण और विशेष्य छाँटिए-

   विशेषण - **विशेष्य**

   ..... - .....।

3. 'रिश्वत खोर' शब्द में 'खोर' प्रत्यय लगा है। 'खोर' प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाओ -

.....

.....

3. 'चोरी करना बुरी बात है' इस विषय पर पाँच पंक्तियाँ लिखो -

.....

.....

.....

.....

.....

3. नीचे दिए गए शब्दों के हिंदी नाम लिखिए -

(क) मजिस्ट्रेट - ..... (ख) इंजीनियर - .....

(ग) डॉक्टर - ..... (घ) टीचर - .....

(ङ) प्लेयर - .....

6. नीचे दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता लगा कर पुनः लिखिए -

(क) कर्ज़ - .....

(ख) जरूर - .....

(ग) साजिश - .....

(घ) सिर्फ़ - .....

(ङ) जरा - .....

(च) खून - .....

7. 'बड़ी-बड़ी' ये शब्द युग्म समान अर्थ वाले हैं तथा 'छोटी-बड़ी' ये शब्द युग्म विपरीत अर्थ वाले युग्म हैं। समान अर्थ वाले तथा विपरीत अर्थ वाले तीन नए शब्द युग्म लिखो -

समान अर्थवाले

.....

.....

.....

विपरीत अर्थवाले

.....

.....

.....

7. दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए -

(क) मिठाई - .....

(ख) रुपया - .....

(ग) कोठी - .....

(घ) आँख - .....

(ङ) पैसा - .....

14. नियति के साथ भेंट

अभ्यास-प्रपत्र

1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

नेहरू ताराघर मुंबई के वर्ली में स्थित है, जिसका निर्माण नेहरू केंद्र संगठन ने कराया है। इसके निर्माण में दो करोड़ रुपए से भी अधिक व्यय हुए हैं। इसके बाहर की दीवारें संगमरमर की हैं, जिन पर ग्रह-नक्षत्रों के आरेख हैं और शीशे की अलमारियों में ग्रह-नक्षत्र के मॉडल गतिशील अवस्था में रखे गए हैं। यह इमारत गोल है, जो पृथ्वी के गोल होने की प्रतीति कराती है। ऊपर गोल गुंबद है, जो अंदर से सफ़ेद अल्युमीनियम का बना है और विस्तृत आकाश को दिखाने के लिए पर्दे का काम करता है।

1. मुंबई के किस क्षेत्र में नेहरू तारामंडल स्थित है?

   .....

2. इसके निर्माण में कितने रुपए खर्च हुए और किसने किए?

   .....

3. नेहरू तारामंडल की बाहरी दीवारों की क्या विशेषता है?

   .....

4. यह इमारत कैसी है तथा इसे देखने से कैसा प्रतीत होता है?

   .....

5. नेहरू तारामंडल में आकाश को दिखाने का काम कौन करता है?

   .....

2. निम्नलिखित वर्ग में भाषाओं के नाम छिपे हैं उन्हें ढूँढ कर लिखो-

(क) उ, फ्रें, च, अं, क .....

(ख) ड़ि, ट, ले, टि, न .....

(ग) ख, अं, ग्रे, जी, मी .....

(घ) गु, ज, रा, ती, रा .....

(ङ) ह, स, म, रा, ठी .....

3. 'अधिकार' या 'कर्तव्य' शब्द लगा कर वाक्य पूरे कीजिए-

(क) शिक्षा मेरा ..... है।

(ख) माता-पिता की सेवा मेरा ..... है।

(ग) स्वतंत्र रहना मेरा ..... है।

(घ) देश के नियमों का पालन मेरा ..... है।

(ङ) देश में कहीं भी घूमना-फिरना मेरा ..... है।

4. उचित स्थान पर चंद्र बिंदु (ँ) लगाएँ -

(क) दोहराएगे - .....

(ख) पहुचा - .....

(ग) शुभ कामनाए - .....

(घ) निभाए - .....

(ङ) सदिया - .....

5. 'की' या 'कि' का प्रयोग कर वाक्य पूरा कीजिए -

भारत ..... सेवा का अर्थ है, लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों ..... सेवा।

नेहरू जी ने कहा था ..... हमें विश्राम नहीं करना चाहिए।

अंग्रेज नहीं चाहते थे ..... भारत आज़ाद हो।

हमें सभी भारतीयों ..... भावना ..... कद्र करनी चाहिए।

6. नीचे दिए गए चित्र का वर्णन करो-



.....

.....

.....

.....

7. नेहरू जी को बच्चे प्यार से चाचा नेहरू कहते थे। बताइए क्यों?

.....

.....

.....

.....

15. सुभागी

अभ्यास-प्रपत्र

1. नीचे दिए गए शब्दों में से स्त्रीलिंग व पुल्लिंग शब्द छाँटकर लिखिए -

माता जी, पिता जी, लक्ष्य, सूप, दराँती, पसीना, प्रार्थना, अनाज, गट्ठर, मूढ़ा, चौकी, चौका, बेला, भैया, पानी।

स्त्रीलिंग	पुल्लिंग
.....	.....
.....	.....
.....	.....

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

भारतीय खेल जगत में बैडमिन्टन के खेल में सदैव पुरुषों का वर्चस्व रहा है। लेकिन आज तस्वीर बदल गई है। साइना नेहवाल, ज्वाला गुट्टा, पी.वी.सिन्धु और अश्वनी पोनप्पा जैसी महिलाओं ने बैडमिन्टन के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित कर विश्व को चौंका दिया है। उन्होंने दिखा दिया है कि यदि हमारे हौंसले बुलन्द हों और भाग्य का साथ हो तो देश ही क्या, दुनिया की आँखों का तारा बन सकते हैं।

साइना की सहजता व सरलता में भारतीयता की झलक मिलती है। प्रतिभा और हौंसले से युक्त साइना भारत की सच्ची सुपुत्री हैं। उनकी उपलब्धियाँ सफलता का गुणगान करती हैं। साइना उन सभी लड़कियों के लिए एक आदर्श बनी हैं जो कुछ करना चाहती हैं। उन्होंने अपने एक वक्तव्य में ओलम्पिक के दौरान कांस्य पदक प्राप्त होने पर अनुभव बताया- 'जब मैं पोडियम में खड़ी थी और मुझे कांस्य पदक पहनाया गया तब तिरंगा झण्डा ऊपर जा रहा था और भारतीय दर्शक ज़ोर-ज़ोर से मेरा नाम पुकार रहे थे, तब मैं आँसुओं को रोक नहीं पाई। यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण था और मेरे लिए बहुत ही गर्व की बात थी।'

1. बैडमिन्टन के खेल में सदैव किसका वर्चस्व रहा है?

.....

2. भारतीय महिलाओं के नाम बताओ, जिन्होंने बैडमिन्टन के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

.....

3. साइना नेहवाल की आँखों में आँसू क्यों आ गए थे?

.....

4. हौंसले बुलन्द हों तो क्या-क्या हो सकता है?

.....

3. नीचे दिए गए अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए-

(क) शिखा ने रोटी खाया।

शुद्ध - .....

(ख) एक फूलों की माला ला दो।

शुद्ध - .....

(ग) खरगोश रहा जंगल में बिल एक में।

शुद्ध - .....

(घ) अमर और यश आया।

शुद्ध - .....

(ङ) यहां शुद्ध गाय का दूध मिलता है।

शुद्ध - .....

4. दिए गए वर्णों को सही क्रम में लिखकर इनसे सार्थक शब्द बनाइए –

(क) म्मा, न, स ……

(ख) क्षा, सा, त ……

(ग) शी, द, आ, र्वा ……

(घ) भा, सु, गी ……

(ङ) जा पु री ……

5. वाक्य बनाओ –

(क) खेती-बाड़ी – ……

(ख) कमाता-खाता – ……

(ग) चौका-बरतन – ……

(घ) कूटना-पीसना – ……

(ङ) जात-पात – ……

6. निम्नलिखित अनुच्छेद को कारक चिन्ह् द्वारा पूरा करो –

जीवन …… सफलता और सुख पाने …… पढ़ाई-लिखाई …… साथ व्यायाम तथा खेल-कूद आवश्यक है। व्यायाम तथा खेल-कूद …… शरीर मज़बूत और फ़ुर्तीला बनता है। बीमारियों …… रक्षा होती है। एक-दूसरे …… गुणों की पहचान होती है। भाषा …… विकास होता है। शक्ति और साहस …… वृद्धि होती है इसलिए हमें पढ़ाई-लिखाई …… साथ व्यायाम तथा खेल-कूद …… भी नियमित अभ्यास करना चाहिए।


7. नीचे दिए गए चित्र का वर्णन कीजिए-

(क) ……

……

……

……



.....

.....

.....

(ख) .....



.....

.....


.....

.....

.....

.....

(ग) .....



.....

.....

.....

.....

.....

.....

8. निम्नलिखित कविता को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

किताबें कैसी होती हैं?

किताबें दिखलातीं संसार,

धरा का वृक्षों से शृंगार।

चहकती चिड़ियों का व्यवहार,

चटकती कलियों की मनुहार।

किताबें खिड़की होती हैं।

किताबें कहती कथा कहानी,

बातें जानी, नई-पुरानी।

पर्वत, सागर, चन्दा, पानी,

तम हरतीं, गा, गुरबानी।

किताबें सूरज होती हैं।

किताबें लगें गुनगुनी धूप,

रखें जो नित-नित नूतन रूप।

बढ़ाएं चिन्तन, दृष्टि अनूप,

बना देती अपने अनुरूप।

किताबें पारस होती हैं।

1. यह कविता किसकी विशेषता बता रही है?

.....

2. किताबें खिड़की कैसे होती हैं?

.....

3. किताबें किस प्रकार सूरज होती हैं?

.....

4. 'पारस पत्थर' क्या होता है?

.....

5. किताबें पारस कैसे बन जाती हैं?

.....

16. पढ़क्कू की सूझ

अभ्यास-प्रपत्र

1. कविता के आधार पर पंक्तियाँ पूरी करो -

एक रोज़ वे .....

"बैल घूमता है ..... चलाए?"

कोल्हू का यह बैल .....?

रहता है ..... करता है?

2. नीचे दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -

(क) बहुत अधिक पढ़ने वाला – पढ़क्कू (पढ़ाकू)

(ख) बहुत अधिक हँसने वाला – .....

(ग) बहुत बातें करने वाला – .....

(घ) बहुत अधिक खर्च करने वाला – .....

(ङ) बहुत अधिक खाने वाला – .....

3. नीचे लिखी कविता में से विशेषण व विशेष्य शब्द चुनकर लिखो -

नीले नभ में काले बादल
नए पलंग पर पीली चादर।
भूरे बैल लगे सोचने
कहाँ गई चमकीली किरणें?
छोटी बूँदें हरी घास पर
मीठी बातें करतीं छिप कर।

विशेषण	–	विशेष्य
.....		.....
.....		.....
.....		.....
.....		.....